तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

12 जच्चा-बच्चा मौत मामले की जांच तेज कांग्रेस ...



12 बाढ़ आपदा प्रबंधन से निपटने कलेक्टर ...





## खबर संक्षेप

### सांप काटने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाए 15 साल के बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि झाड़कट्टा निवासी 15 वर्षीय परमिला वट्टी पिता संतु वट्टी को साप ने काट लिया था। मृतिका के परिजन ने उन्हे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में लाया था। जहर फैल जाने के कारण बच्ची की 24 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बारदेवरी में बस्तर मुन्ने शिविर लगेगा 4 जून को

**कांकेर।** ग्राम बारदेवरी में बस्तर मुन्ने शिविर का आयोजन 4 जून को रखा गया है। शिविर में बारदेवरी समेत आसपास के गांव पेटोली, पांडरवरही, किरगोली, लालमाटवाड़ा, गोविंदपुर, ठेलकाबोड़ के ग्रामीण आवेदन कर सकते है। शिविर सुबह 11 बजें शुरू होगा।

### अज्ञात कारणों से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत पुषागांव निवासी 30 वर्षीय श्यामलाल सलाम पिता स्व. आमतुराम का अज्ञात कारणों के चलते 23 मई को मौत हो गया। सीएचसी आमाबेड़ा से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मौत होने के उपरांत अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। मृतक की मौत कैसे हुई यह अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### शौचालय के दरवाजे की तत्काल मरम्मत

**कांकेर।** नगर पंचायत नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित बाजार क्षेत्र में बने सार्वजनिक शौचालय के टायलेट रूम का दरवाजा महीनों से गायब होने की खबर को मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरहरपुर ने भ्रामक बताते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 2 में स्थित सार्वजनिक शौचालय में दरवाजा लगाया गया था। उक्त दरवाजे को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ करने के कारण दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे नगर पंचायत नरहरपुर द्वारा तत्काल सुधार कर दिया गया है।

# पेट्रोल-डीजल संकट के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की शहर में बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और हाल के दिनों में ईंधन संकट के चलते अब लोगों का रुझान तेजी से बैटरी चलित इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ने लगा है। बीते लगभग एक पखवाड़े में जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में करीब 5 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। डीजल-पेट्रोल की कमी और कई पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों ने लोगों को वैकल्पिक साधनों की ओर सोचने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे में इलेक्ट्रिक स्कूटर और ई-वाहन अब लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

इलेक्ट्रिक वाहन शो-रूम संचालकों के अनुसार 40 हजार से 80 हजार रुपए तक के इलेक्ट्रिक स्कूटर की मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है। खासकर शहर के भीतर रोजाना 30 से 40 किलोमीटर सफर करने वाले लोग अब पेट्रोल वाहनों की जगह ई-स्कूटर खरीदना अधिक फायदे का सौदा मान रहे हैं। ब्रांडेड कंपनी के ई-वाहनों की कीमत 1 लाख से ऊपर है। लोगों का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कूटर का संचालन खर्च पेट्रोल की तुलना में लगभग आधा पड़ता है, वहीं यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। शहरों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। कम खर्च, आसान संचालन और कम रखरखाव के कारण ग्रामीण उपभोक्ता भी ई-स्कूटर खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। दो पहिया वाहनों के अलावा अब चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

### गांवों तक पहुंचा ई-वाहनों का क्रेज




बढ़ती कीमतों और ईंधन की किल्लत ने बदली लोगों की पसंद

### एसिड व लीथियम बैटरी का खासियत

*शो-रूम संचालकों ने बताया कि लेड एसिड बैटरी वाले स्कूटर अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं। यह एक बार चार्ज होने पर करीब 80 किलोमीटर तक का एवरेज देते हैं, लेकिन इन्हें चार्ज होने में 7 से 8 घंटे लगते हैं। वहीं लिथियम बैटरी वाले स्कूटर भी लगभग इतनी ही दूरी तय करते हैं, लेकिन उनकी चार्जिंग मात्र साढ़े तीन घंटे में पूरी हो जाती है। दोनों मॉडलों की कीमतों में लगभग 10 हजार रुपए का अंतर होता है।*

### आरटीओ में रजिस्ट्रेशन की जरूरत नही

*नॉन आरटीओ श्रेणी के इलेक्ट्रिक स्कूटर भी बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाले इन वाहनों के लिए आरटीओ रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होती, जिससे आम लोगों के बीच इनकी मांग बढ़ी है। ऐसे स्कूटर 40 से 60 हजार रुपए की कीमत में उपलब्ध हैं। पेट्रोल-डीजल संकट के इस दौर में इलेक्ट्रिक वाहन अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बनते दिखाई दे रहे हैं।*

## ई-केवाईसी में कांकेर राज्य में पांचवा, वहीं बस्तर संभाग में पहले स्थान पर

# 20,224 महिलाओं का नहीं हो पाया ई-केवाईसी महतारी बंदन योजना से हो जाएंगी वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण और योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से ई-केवाईसी अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। अब तक लाखों महिलाओं का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है, लेकिन अभी भी हजारों महिलाएं किसी न किसी कारणवश इस प्रक्रिया से जुड़ नहीं पाई हैं। महिला बाल विकास विभाग ने ऐसी सभी महिलाओं से 30 जून तक अपना ई-केवाईसी पूरा कराने की अपील की है, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

जिले में कुल 1 लाख 69 हजार 624 महिलाओं का ई-केवाईसी किया जाना निर्धारित था, जिनमें से अधिकांश महिलाओं का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 20 हजार 224 महिलाओं का ई-केवाईसी किया जाना शेष है। इस कार्य के लिए अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत महिलाओं का ई-केवाईसी पूर्ण हो सके।

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की माने तो अब मुख्यतः वे महिलाएं ही शेष बची हैं, जो किसी कारणवश अपने गांव से बाहर रह रही हैं अथवा जिनका आधार कार्ड अपडेटेड नहीं है। कई महिलाएं रोजगार, पढ़ाई या पारिवारिक कारणों से दूसरे जिलों और राज्यों में निवास कर रही हैं, जिसके कारण उनका ई-केवाईसी कार्य लंबित है, वहीं कुछ महिलाओं के आधार में मोबाइल नंबर, नाम या अन्य जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। विभाग के आला अफसरो ने यह भी कहा है कि जिन महिलाओं का आधार अपडेटेड नहीं है, वे पहले आधार में आवश्यक संशोधन कराएं और तत्पश्चात ई-केवाईसी कराएं।

### जिले में 1.69 लाख में अधिकांश का कार्य पूर्ण, अब शेष महिलाओं पर फोकस




ई-केवाईसी के लिए विभाग अलर्ट, शेष महिलाओं से तत्काल पहल की अपील

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रही जागरूक

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं लगातार ऐसी महिलाओं से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रही हैं। घर-घर पहुंचकर, मोबाइल के माध्यम से तथा परिजनों से संपर्क कर उन्हें ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विभागीय अमला गांव स्तर पर लगातार सक्रिय रहकर अभियान को सफल बनाने में जुटा हुआ है।

### विभाग ने महिलाओं से किया अपील

*महिला बाल विकास विभाग के अफसरों ने शेष सभी महिलाओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने निकटतम सीएससी केंद्र पहुंचकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाली महिलाओं को भविष्य में योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए समय रहते यह प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है।*

### राज्य में पांचवा, बस्तर संभाग में पहला स्थान

*जिला महिला बाल अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं का ई-केवाईसी पूर्ण कराने में कांकेर जिला प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। जिले ने राज्य स्तर पर शीर्ष पांच जिलों में अपनी जगह बनाई है, वहीं बस्तर संभाग में कांकेर प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। गांव-गांव पहुंचकर महिलाओं का ई-केवाईसी कराने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है।*



### डीलिस्टिंग महारैली में प्रतिनिधियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

**दुर्गुकोंदल।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय के अधिकारों और डीलिस्टिंग की मांग को लेकर नई दिल्ली में आयोजित विशाल महारैली में दुर्गुकोंदल क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। रैली में दुर्गुकोंदल क्षेत्र से सुदेश कुमार टोपा, राहुल जमुलकर, रामकिशोर सिन्हा, जयसिंह महावीर, रघुनाथ मंडावी, बहादुर, प्रताप, सतीश जैन, मीना कुलदीप, पुष्पा बालेश्वर तथा सामाजिक उपाध्यक्ष बजोती अचला सहित अनेक प्रतिनिधियों ने दिल्ली पहुंचकर रैली में सहभागिता की। प्रतिनिधियों ने कहा कि जनजातीय समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस प्रकार के राष्ट्रीय आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बुजुर्ग के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब बरामद

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कन्हारपुरी निवासी 61 वर्षीय बुजुर्ग को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने पकड़ा व उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कन्हारपुरी निवासी रमेश केमरो पिता स्व. नारायण द्वारा 24 मई को अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते हुए पाया गया। कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब व नगर सौ रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### खेत से सोलर पंप और स्टार्टर पार

**कांकेर।** नरहरपुर थाना अंतर्गत चौकी दुधावा क्षेत्र में खेत से सोलर मोटर पम्प और स्टार्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चौकी दुधावा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम मावलीपारा निवासी 25 वर्षीय खुशंवत यामिला पिता जगन्नाथ यामिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में उसने अपने खेत में क्रेडा विभाग के माध्यम से सोलर पम्प सेट लगवाया था। उक्त सोलर पम्प मोटर की क्षमता 5 एचपी का है। वह 22 मई कि शाम लगभग 5 बजे खेत से वापस घर आया था। अगले दिन 23 मई की सुबह करीब 6 बजे खेत पहुंचा तो देखा कि खेत में लगा सोलर मोटर पम्प एवं स्टार्टर गायब है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद 25 मई को क्रेडा विभाग पहुंचकर इसकी जानकारी दी, जहां से उसे पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। इसके बाद वह चौकी दुधावा पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई।



# शिविर में उमड़ी उम्मीदें, प्रमाण पत्र नहीं मिलने से ग्रामीण नाराज

■ *बस्तर मुन्ने अभियान के क्लस्टर शिविर में राजस्व विभाग पर फूटा लोगों का गुस्सा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा में आयोजित बस्तर मुन्ने अभियान के संयुक्त क्लस्टर स्तरीय शिविर में ग्रामीण बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंचे, लेकिन जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोगों की उम्मीदें मायूसी में बदल गईं। गांव स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से लगाए गए। इस शिविर में छह पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया, मगर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर




जमकर नाराजगी देखने को मिली। आयोजित शिविर में धनोरा, सारवंडी, मालगांव, भिरौद, दुधावा और दलदली पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि छोटे बच्चों के जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए उन्हें महीनों से तहसील कार्यालय और चॉइस सेंटरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### ये रहे शामिल

*आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, संतोषी नेताम, जनपद सदस्य मीणा राय, भाऊ राम भास्कर, सरपंच आकाश नेताम, लता बाई नेताम, संगीता मरकाम, रामेश कुंजाम, सरिता भास्कर, पूर्व सरपंच सुजित नेताम और उप सरपंच मुकेश राय, जनपद पंचायत अधिकारी एमके सिद्दिकी, आनंद साहू, बीरबल मतालम, पंचायत सचिव दिनेश भुआर्य, प्रभु मंडावी, मनु नेताम, प्रफुल्ल साहू, ईतेश्वरी राठौर, नायब तहसीलदार संजय राय और शिक्षक गणराज शोरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।*

# विद्युत विभाग ने बिजली समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वार्ड एवं आसपास के क्षेत्रों में होने वाली सार्वजनिक बिजली समस्याओं की जानकारी तुरंत साझा कर उनका शीघ्र समाधान कराने के उद्देश्य से एक विशेष बिजली समस्या सूचना ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप के माध्यम से नागरिक अब अपने क्षेत्र की गंभीर बिजली समस्याओं की जानकारी सीधे साझा कर सकेंगे। ग्रुप में केवल बिजली समस्याओं से संबंधित जानकारी साझा करने का अनुरोध किया गया है। इनमें पूरे मोहल्ले या वार्ड की बिजली बंद होना, बिजली का तार टूट जाना, ट्रांसफार्मर जल जाना, बिजली का खंभा गिर जाना तथा पूरे वार्ड में लो-वोल्टेज या वोल्टेज की समस्या जैसी जानकारी साझा करे।



यदि केवल किसी एक घर की व्यक्तिगत बिजली बंद है अथवा लो-वोल्टेज की समस्या है, तो नागरिक सीधे विभाग के हेल्पलाइन नंबर 9343667474 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। ऐसी व्यक्तिगत समस्याएं इस ग्रुप में साझा न करें।

# थाना प्रभारी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों और स्थानीय पुलिस प्रशासन के बीच टकराव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। अंतागढ़ थाना प्रभारी के कथित दुर्व्यवहार, तानाशाही रवैये और मीडिया कर्मियों के प्रति अभद्र व्यवहार से नाराज अंतागढ़ पत्रकार संघ ने मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पत्रकारों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से अंतागढ़ थाना प्रभारी का व्यवहार पत्रकारों के प्रति लगातार विवादों में रहा है। ▶▶| शेष पेज 10 पर



### अंतागढ़ में पत्रकारों का फूटा आक्रोश

धरने पर बैठे पत्रकारों का कहना है कि यदि समाज की आवाज उठाने वाले और जनता को सच दिखाने वाले मीडिया कर्मियों के साथ ही पुलिस का ऐसा रवैया रहेगा, तो आम जनता की सुरक्षा और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वर्दी की धौंस दिखाकर प्रेस की स्वतंत्रता और उसकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्रकार संघ ने स्थानीय प्रशासन सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी पूरे घटनाक्रम से अवगत करा दिया है। हालांकि घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पत्रकारों में नाराजगी और बढ़ गई है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते आंदोलन का स्वर लगातार उग्र होता जा रहा है। अंतागढ़ पत्रकार संघ ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यह आंदोलन किसी भी कीमत पर तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक थाना प्रभारी के खिलाफ निलंबन या स्थानांतरण जैसी कार्रवाई नहीं की जाती। पत्रकारों के इस आंदोलन को क्षेत्र के कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का भी नैतिक समर्थन मिलने लगा है।

## डीएमएफ से लेकर विधायक निधि तक करोड़ों की सौगात

# अंतागढ़ विखं में दो साल में साढ़े 87 करोड़ के चल रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले दो वर्षों में केवल अंतागढ़ विकासखंड में ही 87 करोड़ 37 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी मिली है, जिन पर विभिन्न स्तरों पर कार्य जारी है।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विकासखंड में जिला खनिज न्यास समिति डीएमएफ मद से सर्वाधिक 57 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। वहीं विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से 14 करोड़ रुपये, 15वें वित्त आयोग से 9 करोड़ रुपये, बस्तर विकास प्राधिकरण से 2 करोड़ 87 लाख रुपये तथा विधायक निधि से 4 करोड़ 50 लाख रुपये के कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। इन स्वीकृत कार्यों में सड़क निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, शासकीय भवनों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था का विस्तार, शिक्षा सुविधाओं का विकास तथा ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि दूरस्थ गांवों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने और ग्रामीण जीवन स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है।

### आंदोलन में राजनीति षडयंत्र की आ रही बू, सबकी बनी हुई है नजरे




### हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाने का प्रयास

*अंतागढ़ विकासखंड क्षेत्र में चल रहे इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ी है। सड़क और पुल-पुलिया निर्माण से आवागमन सुगम होगा, वहीं पेयजल एवं शिक्षा सुविधाओं के विस्तार से गांवों में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत होंगी। प्रशासन का दावा है कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकासखंड के हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है।*

खबर संक्षेप

## जुगानी कैम्प सड़क हादसे में बुजुर्ग की गई जान

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 स्थित जुगानी कैम्प के विश्वास होटल के पास रविवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल 64 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान निखिल व्यापारी निवासी जुगानी कैम्प के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पैदल जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को तत्काल उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## मिर्गी का दौरा पड़ने से चलती बाइक से गिरा युवक, गंभीर



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झूलनाडीही में सोमवार सुबह करीब 8 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हो गया, जिसमें 33 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार घायल मनीष यादव (33), पिता भागीरथी यादव, निवासी सिरसीकलार बाइक में पीछे बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा, जिससे वे चलती बाइक से नीचे गिर गए। हादसे में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल मनीष यादव का उपचार जिला अस्पताल कोंडागांव में जारी है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

पेज 9 के शेष

### शिविर में उमड़ी उम्मीदें...

लोगों का कहना था कि जब शासन गांव-गांव में शिविर लगाकर राहत देने का दावा कर रहा है, तो जरूरी दस्तावेजों का मौके पर ही निराकरण क्यों नहीं किया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर में आवेदन तो स्वीकार किए गए, लेकिन प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए। इससे दूर-दराज के गांवों से पहुंचे कई लोग निराश होकर लौट गए। शिविर के दौरान सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग को लेकर सामने आईं। ग्रामीणों का कहना था कि सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद अधिकारी केवल प्रक्रिया बताकर उन्हें फिर से चॉइस सेंटर या कार्यालय जाने की सलाह दे रहे हैं। ग्रामीण नरेश साहू ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन की मंशा अच्छी है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी लोगों को बार-बार भटकना पड़ रहा है। यदि अंत में हर काम के लिए चॉइस सेंटर ही जाना पड़े, तो ऐसे शिविर केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे शिविरों में राजस्व विभाग की विशेष टीम तैनात कर जाति, निवास और आय प्रमाण पत्रों का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को वास्तविक राहत मिल सके।

### थाना प्रभारी के खिलाफ...

पत्रकारों का आरोप है कि खबर संकलन और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया, जिससे पूरे पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी के विरोध में पत्रकार संघ अब सड़क पर उतर आया है।

# रीवा जैन साध्वी हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग, जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

रीवा में जैन साध्वी आर्यिका माताजी के साथ हुई सड़क दुर्घटना और उसमें साध्वी संघ की आर्यिकाओं के निधन के मामले को लेकर सोमवार को केशकाल जैन समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी केशकाल को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ-साथ विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। समाज ने मामले की सीट अथवा न्यायिक जांच कराने, संबंधित सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग



### इन्होंने सौंपा ज्ञापन

इस दौरान जैन श्री संघ अध्यक्ष सुरेश कटारिया, सुभाष कटारिया, शशि जैन, पुखराज बोहरा, धनराज मालू, पुखराज गोलछा, संतोष कटारिया, नरेंद्र तातेड़, समेत जैन श्री संघ एवं जिनशासन महिला मंडल के पदाधिकारी व समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

ज्ञापन में विहार मार्गों पर प्रशासनिक सहयोग, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहायता, ट्रैफिक नियंत्रण संकेतक तथा हाईवे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। साथ ही केंद्र सरकार से "राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति" बनाने और पैदल विहार करने वाले संतों के लिए सुरक्षा एसओपी एवं विशेष गाइडलाइन जारी करने की भी मांग रखी गई।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जैन समाज हमेशा शांति, कानून और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना और तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### विधायक लता उसेण्डी ने किया हितग्राहियों को दी जानकारी

# सुशासन तिहार शासन- जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम, ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगरीय क्षेत्र के चौपाटी मैदान स्थित विद्यालय परिसर में सुशासन तिहार अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी सहित पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ नगर पालिका कोण्डागांव में लगा सुशासन तिहार शिविर

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहते हैं, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। उन्होंने श्रम पंजीयन और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों की जानकारी भी दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है। वहीं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने इसे जनसमस्याओं के निराकरण की सराहनीय पहल बताया।

### नागरिकों से सहभागिता की कलेक्टर ने की अपील –

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान और जनगणना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी देते हुए नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।



### हितग्राहियों को मिली विभिन्न योजनाओं की सौगात –

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं 32–32 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। राजस्व विभाग द्वारा 02 डिजिटल किसान किताब, 05 बी–1 खसरा और 07 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 07 आयुष्मान कार्ड जारी किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 महिलाओं की गोदभराई कराई गई। शिक्षा विभाग ने 18 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए, जबकि उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 पौधों का वितरण किया गया।

## फरसगांव में 9 दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**फरसगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

इसी क्रम में फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम उरंदाबेड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें बड़ी राहत प्रदान की गई। शिविर में कुल 09 दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक प्रदान किए गए। ग्राम कन्हारगांव के अंशुराम यादव एवं विद्या नेताम तथा ग्राम बंजोड़ा के खेमराज राणा को ट्राइसाइकिल वितरित की गई, जिससे उन्हें उनके दिनचर्या में सुविधा होगी। वहीं ग्राम कन्हारगांव के पनकु नेताम, सगना, एतवारिन बाई, गड़राराम सलाम और ग्राम बंजोला के मंगल बघेल को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्हारगांव की इतवारिन नेताम को वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई।




सहायक उपकरण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके दैनिक कार्यों को करने में आसानी होगी। उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सुशासन तिहार जैसे शिविर दूरस्थ क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

## मेहनत-लगन की सराहना करते हुए मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान





**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में शिक्षा और प्रतिभा को सम्मान देने की अनूठी पहल देखने को मिली। गांव के नव जागृति युवा मंडल एवं कर्मचारी सेवा समिति द्वारा पहली बार पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के मेधावी बच्चों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन पहली बार आयोजित किया गया, जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना था। सम्मान समारोह में विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पांचवीं कक्षा में लीशा सलाम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं टिकेश्वरी नेताम ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आठवीं कक्षा में तोकेश्वरी मरकाम ने 85 प्रतिशत और करन विश्वकर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा में रिकेश मंडावी ने 95.66 प्रतिशत अंक हासिल कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसके अलावा पिंटू मरकाम ने 87 प्रतिशत, मिथलेश नेताम ने 79 प्रतिशत और मनेश मरकाम ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बारहवीं कक्षा में दिव्यांशु सलाम ने 66.8 प्रतिशत और रीमा मंडावी ने 66.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सभी विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने अपनी सफलता से पूरे गांव का नाम ऊंचा किया है। ग्रामीणों के अनुसार धौराभाठा में इस प्रकार का शैक्षणिक सम्मान समारोह पहली बार आयोजित किया गया।

## झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को किया याद, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**दुर्गुकोंदल।** नक्सली हमले की 14 वीं बरसी पर सोमवार को दुर्गुकोंदल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद नेताओं एवं पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा किए गए कायराना हमले में प्रदेश के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित सुरक्षा बलों के जवान शहीद हो गए थे। यह घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास की सबसे दुखद और हृदयविदारक घटनाओं में से एक है। लोकतंत्र और जनसेवा के लिए समर्पित नेताओं तथा देश की सुरक्षा में लगे जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी ने एवं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहीदों का त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके आदर्शों और संघर्षों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी की घटना केवल कांग्रेस पार्टी की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और देश की क्षति थी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## जवाहर विद्यालय की प्रवेश चयन परीक्षा जुलाई में

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026–27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय लिखित चयन परीक्षा 26 जुलाई 2026, रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। पात्रता के लिए तय किए गए मानदंड – सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक को कोण्डागांव जिले का निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत अंक अनिवार्य – योजना के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हों तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख से कम हो – योजना का लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा जिनके पालकों की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो।

## व्यापारी संघ व चेंबर ऑफ कॉमर्स ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** क्षेत्र की बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग की है। ज्ञापन में अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की नियुक्ति, सोनोग्राफी सुविधा की व्यवस्था, 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा, एम्बुलेंस व्यवस्थाओं में सुधार तथा ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। व्यापारी संघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने कहा कि भानुप्रतापपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं



मिल पा रही हैं, जिसके चलते लोगों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ता है और कई बार गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में अस्पताल प्रबंधन समिति के गठन की भी मांग की गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों को शामिल करने की बात कही गई है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी हो सके।

### मांग पूरी नहीं होने पर होगा आंदोलन

संगठनों ने प्रशासन को 7 दिवस के भीतर ठोस कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर संतोषजनक पहल नहीं हुई तो नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्राम पंचायत चिखली में जनसमस्या निवारण शिविर

# जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत चिखली में सोमवार को कलस्टर स्तरीय विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाना रहा। शिविर में चिखली, बांगाचार, कोदापाखा, पाउरखेड़ा, मेड़ो, सुखई, पचांगी, मंगहुर, हामतवाही, कोंडे सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं 6 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि बस्तर मुन्ने अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। वन सभापति धनसाय हुर्रा ने कहा कि यह अभियान दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सराहनीय पहल है। सरपंच फुलेश्वरी कड़ियाम ने कहा कि जनजातीय गरिमा उत्सव




एवं बस्तर मुन्ने अभियान से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है और गरीब परिवारों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंच सोनबत्ती ध्रुव ने कहा कि जनभागीदारी से ही गांव का विकास संभव है और शासन के ये अभियान जनजातीय समाज के सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने भी अभियान को जनजातीय संस्कृति एवं अधिकारों को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी. ठाकुर, बीआरसी लतीप सोम, मंडल संयोजक सोमेश्वर ठाकुर, मत्स्य अधिकारी शेखर चिंतुर, खाद्य अधिकारी लता कोसमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## युवाओं ने संभाली प्यासे राहगीरों की जिम्मेदारी



**दुर्गुकोंदल।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम नागरिकों एवं राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूक युवा मंच द्वारा शुरू किया गया पेयजल सेवा अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर मटकों के माध्यम से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई, जिससे राहगीरों, यात्रियों, मजदूरों एवं आमजन को गर्मी से काफी राहत मिल रही है।

इन दिनों क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जागरूक युवा मंच के युवाओं ने सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए जनहित में यह पहल शुरू की है। युवाओं द्वारा लगाए गए पेयजल केंद्र लोगों के लिए राहत का केंद्र बन गए हैं, जहां दिनभर राहगीर रुककर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने में गोपी बढ़ाई का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उनके सहयोग से विभिन्न स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस सेवा का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**घाटलोहंगा।** देशभर में आयोजित नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर आदिवासी युवा छात्र संगठन



(एवायसीयू ) ने कड़ा विरोध जताया है। एवायसीयू के संभाग अध्यक्ष लक्ष्मण बघेल ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के लगभग 24 लाख विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएँ मेहनती विद्यार्थियों का मनोबल तोड़ने का काम करती हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अध्यक्ष ने केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। नीट परीक्षा लीक पर आदिवासी युवा छात्र संगठन कड़ा निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा की मांग करता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो छात्र संगठन सड़क से सदन तक आंदोलन करने को मजबूर होगा। एवायसीयू ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता को जायज़ बताते हुए कहा कि देश का युवा न्याय चाहता है, न कि भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार बनना।

### मोदी गारंटी मतलब महंगाई की वारंटी

**घाटलोहंगा।** युवा कांग्रेस नेता सुनील कश्यप ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अच्छे



दिनों का सपना दिखाकर सरकार ने आम जनता को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है। पहले रसोई गैस के दाम बढ़े, फिर पेट्रोल-डीजल ने जनता की कमर तोड़ी और अब बच्चों के दूध तक पर महंगाई की मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज हर घर का बजट बिगड़ चुका है, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और गरीब परिवार परेशान हैं। लेकिन सरकार को जनता की तकलीफ नहीं, सिर्फ बड़े कॉरपोरेट घरानों के मुनाफे की चिंता है। अब देश समझ चुका है कि मोदी गारंटी का मतलब, महंगाई की वारंटी, बेरोजगारी की बढ़ोतरी, जनता की जेब खाली है। देश पूछ रहा है क्या यही थे अच्छे दिन, क्या आम जनता पर महंगाई का बोझ डालना ही सरकार की उपलब्धि है। जनता जवाब मांगेगी और बदलाव भी लाएगी।

# सुशासन शिविर ने साबित किया, सबका साथ सबका विकास

## एर्राबोर शिविर में 17.50 लाख का ऋण वितरण, 5 लखपति दीदियों को मिला प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के एर्राबोर में आयोजित क्लस्टर स्तरीय सुशासन शिविर में 10 पंचायतों एर्राबोर, गगनपल्ली, मराईगुड़ा, आरगट्टा, मेड़वाही, टेटराई, नागुलगुंडा, मनीकोंटा, दरभागुड़ा और मुलाकिसोली के ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। शिविर में शासन की योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह और विश्वास साफ नजर आया, वहीं प्रशासन ने पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान किया। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सुशासन तिहार के तहत प्रशासन लगातार गांव-गांव तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, सोयम भीमा एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा 5 समूहों को कुल 13.50 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। इसके साथ ही सूरज समूह एर्राबोर को 4 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र तथा पीएमईजीपी योजना के तहत 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण भी प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को ऋण और प्रमाण पत्र वितरित करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी।



### कागजों से निकलकर सीधे ग्रामीणों तक पहुंचीं सरकारी योजनाएं

शिविर के दौरान 5 लखपति दीदियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। प्रशासन द्वारा आयोजित इस सुशासन शिविर ने यह साबित किया कि शासन की योजनाएं अब केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन जनसेवा, विकास और विश्वास की नई मिसाल कायम कर रहा है।

## कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच व राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की मांग

# रीवा हादसे के विरोध में फूटा जैन समाज का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मध्य प्रदेश के रीवा में पदविहार कर रहीं दो पूज्य दिगंबर जैन साध्वियों (आर्यिका 105 श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका 105 श्री उपशममति माताजी) के सड़क दुर्घटना में हुए दर्दनाक समाधि मरण के विरोध में आज समूचा दिगंबर जैन समाज सड़कों पर उतरा। समाजजनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया और कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से न्याय की गुहार लगाई गई है।

ज्ञापन सौंपते समय जैन समाज के प्रतिनिधियों ने रीवा हादसे पर गहरा दुख और तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। समाज के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि घटना से जुड़े जो वीडियो क्लिप सामने आए हैं, उन्हें देखकर यह मामला बेहद संदिग्ध प्रतीत होता है। यह केवल एक सामान्य दुर्घटना नहीं लगती, इसलिए इसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय एसआईटी (विशेष जांच दल) या न्यायिक जांच कराई जाए।

इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने दिवंगत आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी और आर्यिका श्री उपशममति माताजी को अश्रुपूरित आंखों से भावभीनींजलि अर्पित की और चेतावनी दी कि यदि संतों की सुरक्षा पर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो देशव्यापी आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।





### ज्ञापन में उठाई गईं 5 प्रमुख मांगें

सकल दिगंबर जैन समाज ने शासन-प्रशासन के सामने निम्नलिखित मांगें रखी है जिसमें रीवा हादसे की समयबद्ध एसआईटी या न्यायिक जांच सुनिश्चित की जाए, दुर्घटना के जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ त्वरित और सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो, साधु-संतों के पैदल विहार मार्गों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस का आपसी समन्वय व सुरक्षा घेरा सुनिश्चित किया जाए, राष्ट्रीय राजमार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में भारी व तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करने की समुचित व्यवस्था हो एवं आजीवन नंगे पैर पैदल विहार करने वाले जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर एक ठोस सुरक्षा नीति तैयार करे।

### अहिंसक संतों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी

समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि जैन मुनि और आर्यिकाएं पूर्णतः अपरिग्रही और अहिंसक जीवन जीते हैं। वे अपने साथ आत्मरक्षा का कोई साधन नहीं रखते और मौसम की परवाह किए बिना निरंतर पैदल विहार करते हैं। ऐसे में इन निहत्थे और तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पूर्ण रूप से शासन और प्रशासन की नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी है।

# पंचायतों को फंड नहीं मिलना, ग्रामीण विकास की उपेक्षा



■ अंतागढ़ के सरपंचों का इस्तीफा सरकार की विफलता का प्रमाण : लखेश्वर बघेल

**भोंड/घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड में बड़ी संख्या में सरपंचों ने सामूहिक इस्तीफा दिए जाने और लंबे समय से धरना प्रदर्शन किए जाने के मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा है कि यह केवल पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश नहीं बल्कि प्रदेश की ग्रामीण विकास व्यवस्था की विफलता और सरकार की उदासीनता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास की नींव गांवों से मजबूत होती है, ग्राम पंचायतें शासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं, जो सीधे तौर पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं और विकास कार्यों से जुड़ी होती हैं। यदि गांव के निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही सड़क, पानी, बिजली, भवन निर्माण, मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए फंड और प्रशासनिक स्वीकृति मांगते हुए सड़कों पर बैठने को मजबूर हो जाएं, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि अंतागढ़ ब्लॉक के सरपंच पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए थे और अब बड़ी संख्या में सरपंचों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है यह घटना दर्शाती है कि पंचायत प्रतिनिधियों का शासन-प्रशासन पर भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है यदि पंचायतों को समय पर संसाधन और अधिकार नहीं दिए जाएंगे तो ग्रामीण विकास केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पंचायत स्तर पर विकास कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं पंचायतों को विकास कार्यों की मंजूरी नहीं मिल रही है तथा डीएमएफ सहित अन्य मदों से मिलने वाली राशि और योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है इसका सीधा असर गांवों में रहने वाले आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

## प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल में बनेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड निर्माण एवं नवीनीकरण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। यह कार्य प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के रूम नंबर 77, जेडीएस शाखा, मेडिकल बोर्ड, प्रथम तल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, या जिनके पास पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्र हैं और वे उसका नवीनीकरण कराना चाहते हैं, वे निर्धारित दिवस पर उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

इस दौरान जिले के सभी दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण, नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो), आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिसमें ओटीपी प्राप्त होता हो तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा।

## ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 20 मई से 15 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं।



इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, शौचालय उपयोग एवं घरों से कचरा संग्रहण के महत्व की जानकारी देने के साथ-साथ ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाली हानियों के बारे में समझाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव बनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। युवोदय टीम द्वारा भी स्थानीय भाषा हल्बी एवं गोंडी में मुनादी कर लोगों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# एजुकेशन सिटी मार्ग से बेतरतीब भारी वाहनों को तुरंत हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

■ युवक की मौत के बाद नगर पंचायत की पहल









नगर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और हाल ही में एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम रजनीश सुराना ने सख्त कदम उठाया है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी गीदम एवं पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को पत्र सौंपकर मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एजुकेशन सिटी से लेकर मंडी चौक हारम तक मुख्य सड़क पर भारी वाहनों की अव्यवस्थित और अवैध पार्किंग एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ट्रक, ट्रेलर और अन्य भारी वाहन दिन-रात सड़क किनारे बेतरतीब खड़े रहते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। रात के समय इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर न होने से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पिछले कुछ महीनों में इस मार्ग पर कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में एक युवक की भारी वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे नगर में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि जनहित और यातायात सुरक्षा सर्वोपरि है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम नागरिकों में भय का वातावरण बन गया है। व्यापारी वर्ग भी परेशान है क्योंकि ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। एजुकेशन सिटी मार्ग पर कई स्कूल-कॉलेज और अन्य एजुकेशन संस्थान हैं। हजारों छात्र-छात्राएं रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं। भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है और हादसे का खतरा बना रहता है।नगर पंचायत अध्यक्ष की इस पहल का वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघ और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस निर्णय का पूर्ण समर्थन किया है।

भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने कहा कि मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा करने से आवागमन बाधित होता है और जाम की स्थिति बनती है। इसी कारण नगर में विगत दिनों कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें।

सर्व समाज के जिला अध्यक्ष व ग्राम पंचायत जावंगा सरपंच बोमड़ा राम कवासी ने कहा कि एजुकेशन सिटी जावंगा से हरम चौक तक मुख्य मार्ग पर वाहनों की अवैध पार्किंग बड़ी समस्या बन गई है। सड़क किनारे दिन-रात भारी वाहन खड़े रहने से मार्ग संकरा हो गया है। इसी कारण विगत दिनों कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से मुख्य मार्ग को पार्किंग मुक्त करने और दोषी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष विमल सुराना ने मुख्य मार्ग और सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की अवैध पार्किंग को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ती है। सुराना ने अपील की कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें।

### अवैध पार्किंग पर चल रहा विशेष अभियान

थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया ने बताया कि मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नियम तोड़ने वाले वाहनों के पहियों को व्हील लॉक से जाम किया जा रहा है। साथ ही वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन सिटी से हरम चौक तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की कि वे मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा न करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## अस्थि बाधित दिव्यांग लखमा तामो को विभाग ने उपलब्ध कराई बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत बड़े कमेली निवासी 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हितग्राही लखमा तामो को विभाग ने नई बैसाखी उपलब्ध कराई। क्योंकि पूर्व में प्राप्त बैसाखी के टूट जाने के कारण उक्त दिव्यांग हितग्राही द्वारा कलेक्टोरेट पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से नई बैसाखी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण मूलचंद चोपड़ा ने पात्रता अनुसार तत्काल सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शाखा प्रभारी को निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लखमा तामो को एक जोड़ी नई बैसाखी प्रदान की गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर हितग्राही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समय पर मिली सहायता से उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी।



SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कासोली मड़ियापारा 10 दिन से अंधेरे में ग्रामीण परेशान

**गीदम**। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कासोली-01 के मड़ियापारा में पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। हालात यह हैं कि भीषण उमस और बरसात के बीच ग्रामीण रातें अंधेरे में गुजारने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कामकाज सब प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक व लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण नंदू राम अटामी ने बताया कि वे खुद 3 बार विद्युत कार्यालय गीदम जाकर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन हर बार केवल जल्द ठीक कर देंगे₹ का आश्वासन मिला। सरपंच शैलेश अटामी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उप अभियंता अविनाश लकड़ा को लगातार फोन और आवेदन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया गया। इसके बावजूद 10 दिन बीतने के बाद भी गांव में एक भी लाइनमैन नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि विभाग की उदासीनता के कारण पूरे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। बरसात में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ गया है।

### पुनर्वासित युवाओं और ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**बीजापुर**। सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को नैमेड़ में आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए जनसुविधाओं और शासकीय योजनाओं का बड़ा मंच बनकर उभरा। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया तथा सड़क, पुल-पुलिया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग- नैमेड़ पंचायत में आयोजित इस शिविर में एरमनार, दुगोली, मिड़ते, कडेर, कैका, पेद्दाकोड़ेपाल, पालनार, मूसालूर एवं पापनपाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। "जानकारी होगी तभी मिलेगा योजनाओं का लाभ" -कलेक्टर- शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री विश्वदीप ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करने और योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी लेने की अपील की।

# खरीफ से पहले प्रशासन अलर्ट, खाद-बीज भंडारण से लेकर निर्माण कार्यों तक सख्ती

- सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तय समय-सीमा में करें कार्य पूर्ण: क्षीरसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में आगामी खरीफ सीजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरी सुविधाओं को मजबूत करने तथा मानसून पूर्व सभी अधूरे कार्यों को गति देने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। 25 मई को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में आगामी खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों को अग्रिम उठाव के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को इस कार्य की



नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले के किसानों द्वारा खाद-बीज का उठाव प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के भवनों का निर्माण बारिश शुरू होने से पहले पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही पहुंचविहीन और दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने कहा, ताकि बारिश के दौरान ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। दूरसंचार टॉवर स्थापना कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया।

#### स्वास्थ्य अमला करे सतत निगरानी

आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं त्वरित उपचार के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मनरेगा के तहत संचालित सभी कार्यों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने कहा गया।

**ये हुए शामिल**: आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रिकॉर्ड, रेफरल प्रक्रिया और उपचार संबंधी ली जानकारी

# जच्चा-बच्चा मौत मामले की जांच तेज कांग्रेस जांच समिति पहुंची हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



गौतम हॉस्पिटल में जच्चा और नवजात की मौत के मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। मामले की जांच और वस्तुस्थिति जानने के लिए कांग्रेस कमेटी की निरीक्षण टीम सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर पहुंची, जहां टीम ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से चर्चा कर घटना से जुड़ी जानकारी एकत्रित की। टीम ने अस्पताल में उपलब्ध रिकॉर्ड, रेफरल प्रक्रिया और उपचार संबंधी जानकारी भी ली। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल गौतम हॉस्पिटल पहुंचा, जहां घटना से जुड़े दस्तावेजों, उपचार प्रक्रिया और परिजनों से चर्चा कर जानकारी जुटाई गई। इस दौरान कांग्रेस की महिला प्रतिनिधियों और गौतम हॉस्पिटल के संचालक अनिल गौतम के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मृतिका को अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद अपनाई गई कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आरोप लगाया कि परिजनों द्वारा लगातार स्थिति गंभीर बताने और ऑपरेशन करने की मांग किए जाने के बावजूद समय पर निर्णय नहीं लिया गया, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। जांच के दौरान पीड़ित परिजनों ने भी अपना बयान दर्ज कराया और गौतम हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली को संदेहास्पद बताया। परिजनों के अनुसार महिला की हालत बिगड़ने पर उन्होंने कई बार ऑपरेशन करने की विनती की थी, लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति में नर्स द्वारा सामान्य डिलीवरी कराने का प्रयास किया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने ऑपरेशन कराने की जिद की, तब रात लगभग 1 बजे नर्स द्वारा कहा गया कि मरीज को किसी दूसरे अस्पताल ले जाएं। देर रात की स्थिति और महिला की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन कहीं और ले जाने की स्थिति में नहीं थे, जिससे वे मजबूर हो गए और अस्पताल प्रबंधन की बात माननी पड़ी। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार और निर्णय लिया जाता तो शायद जच्चा और नवजात की जान बचाई जा सकती थी। कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित विशेष जांच समिति में महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति में सुमन सलाम, सुनील बकला पाड़ी, मधुला भास्कर, इराना ध्रुव, सविता उइके, वीरेंद्र ठाकुर, सुनाराम नेताम, पंकज वाधवानी, कृष्णा टेकाम एवं अमिता उइके को सदस्य बनाया गया है।

#### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग

जांच समिति के सदस्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर एवं गौतम हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की विस्तृत जानकारी ले रहे हैं। साथ ही पीड़ित परिजनों के बयान और उपचार से जुड़े दस्तावेज भी एकत्र किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि जांच में चिकित्सकीय लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# ब्लैक स्पॉट पर बढ़ेगी निगरानी अतिक्रमण और आवारा मवेशियों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अब प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। ब्लैक स्पॉट से लेकर आवारा मवेशियों और अतिक्रमण तक, हर उस वजह पर कार्रवाई की तैयारी है जो सड़क हादसों का कारण बन रही है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सोमवार 25 मई को आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा बैठक के बाद आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के मुख्य मार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट में अनिवार्य रूप से साइन बोर्ड, रेडियम रिफ्लेक्टर, क्रॉस बैरियर एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश यातायात पुलिस, परिवहन एवं लोक निर्माण विभाग को दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशों का पालन करते हुए सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को हटाने, राष्ट्रीय राजमार्ग के मोड़ों एवं जंक्शन पाइंट पर लाइट और ब्लिंकर लगाने तथा नगरपालिका कांकेर क्षेत्र में सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

#### जिले के पांच ब्लैक स्पॉट चिन्हित

आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में जिले के पांच ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही की जा चुकी है तथा वर्तमान में दो ब्लैक स्पॉट शेष हैं। कलेक्टर एवं एसपी ने स्कूलों और कॉलेजों में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए। आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 7 विकासखंडों में 11 हजार 500 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

- जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान का आयोजन 18 से 25 मई तक जिले के पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कुल 7 विकासखंडों के जनजातीय बाहुल्य चिन्हांकित 552 ग्रामों में कलस्टर स्तर शिविर आयोजित किए गए।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इसका उद्देश्य प्राथमिकता के आधार पर आईईसी कैम्पेन जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर किया गया। बताया कि इसके अंतर्गत जमीनी संपर्क, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, सिकलसेल परीक्षण, टीबी स्क्रीनिंग, सेवा संतृप्ति जैसे- आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, मातृ वंदन योजना, पोषण अभियान, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन योजना, पीएम-जीवन ज्योति बीमा योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत निर्मित आदि सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर उनका समाधान करने तथा उपरोक्त जन भागीदारी अभियान अंतर्गत की गई समस्त गतिविधियों का प्रगति प्रतिवेदन तैयार कर आदि प्रसारण पोर्टल पर अपलोड किया गया।

समस्त ग्रामों में निवासरत जनजातीय हितग्राहियों एवं पीवीटीजी हितग्राहियों एवं को शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं में शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर एवं क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान फील्ड विजिट, निरीक्षण, योजनाओं की जानकारी, लाभार्थी संवाद, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामों में स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल जांच, टी.बी. स्क्रीनिंग आदि गतिविधियां आयोजित की गई।

# महेंद्रपुर में शुरू हुआ 15 दिन बाद सोलर पंप, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ग्राम महेंद्रपुर में पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा सौर ऊर्जा संचालित पंप आखिरकार दोबारा शुरू हो गया। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद क्रेडा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी टीम को गांव भेजा। सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर सोलर पंप की जांच की और खराबी दूर कर जलापूर्ति बहाल कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

क्रेडा के जिला प्रभारी डीएस सिदार के निर्देश पर पहुंची तकनीकी टीम ने सोलर पंप की मोटर में आई खराबी को सुधारकर पंप को चालू कराया। मरम्मत कार्य में लोकनाथ सिन्हा, थानूराम यादव और चेतन गावड़े ने सक्रिय भूमिका निभाई। तकनीकी टीम के अनुसार मोटर में आई खराबी के कारण पंप बंद हो गया था, जिसे सुधारने के बाद अब जलापूर्ति सामान्य रूप से शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर पंप बंद होने से गांव में पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। पिछले 15 दिनों से महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर थे। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी थी। ग्राम के ग्रामीण कलेष जैन, राजेसिंह जैन, जितेंद्र जैन, ओमप्रकाश सलाम, बीरेंद्र सलाम और सुरेंद्र सलाम ने बताया कि समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया और अब गांव में पानी की व्यवस्था सुचारु हो गई है। क्रेडा जिला प्रभारी डी एस सिदार ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि भविष्य में ऐसी शिकायतें लंबित न रहें। उन्होंने बताया कि सभी सौर ऊर्जा संचालित पंपों की नियमित निगरानी और रखरखाव के लिए क्षेत्रीय टीमों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो।

# झीरम के शहीदों को कांकेर में श्रद्धांजलि याद में कांग्रेस नेताओं की नम हुई आंखें

### लोकतंत्र और जनसेवा की भावना पर किया गया था कायराना प्रहार: राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



झीरम घाटी के शहीदों की याद में कांकेर का राजीव भवन सोमवार को भावुक माहौल का साक्षी बना। 25 मई 2013 की उस दर्दनाक नक्सली घटना को याद करते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गईं। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने शहीद नेताओं को नमन करते हुए कहा कि झीरम घाटी हमला केवल कांग्रेस पार्टी पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनसेवा की भावना पर किया गया कायराना प्रहार था।

कांकेर स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश से कांग्रेस को समाप्त करने की साजिश के तहत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी में शहीद हुए नेताओं ने जनता और प्रदेश की सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उन्होने झीरम घाटी की भयावह घटनाओं का उल्लेख किया, तो वे भावुक हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे दुखद अध्याय है। हमारे वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता की आवाज बुलंद करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, मनोज जैन, गफ्फार मेमन, संग्राम नेताम, यासीन करानी, लोमेंद्र यादव, गोमती सलाम, भारती सलाम, विद्या सिन्हा, अजय सिंह रेनू, दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, विजय यादव, मतीन खान, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, टूकेश्वर साहू, सुमित राय, सोमेश सोनी, शेष गजबिए, शिवांकित श्रीवास्तव, महफूज अली, दया बघेल, रेवती सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

### निधन

#### रेसिंग हुर्रा



**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम पड़गाल निवासी रेसिंग हुर्रा का बीती रात्रि उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाररत थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम पड़गाल में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### तैयारियों के लिए दिए आवश्यक निर्देश

# बाढ़ आपदा प्रबंधन से निपटने कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आगामी मानसून 2026 में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव तथा राहत संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए तथा दायित्व सौंपे। समय-सीमा बैठक के पश्चात बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक लेकर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित तहसीलों में पर्याप्त मात्रा में बांस-बल्ली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर ग्रामों की जानकारी, नदी-नालों का नजरी नक्शा तैयार कर ग्राम स्तर पर निगरानी टीम करने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून-2026 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि आदि से बचाव के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने तथा दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में जानकारी देने के निर्देश दिए। इसी तरह बाढ़ बचाव सामग्री एवं इसमें प्रयुक्त होने वाले उपकरणों जैसे मोटर बोट, डेगन लाइट, टार्च, रस्सा, लाईफ जैकेट, गोताखोर, रस्सी, गमबूट, बरसाती, ट्यूब आदि संधारण एवं परीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही तैराकों तथा बाढ बचाव के लिए प्रशिक्षित जवानों की सूची जिला में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश देते हुए एवं कण्ट्रोल रूम में 24 घंटे कार्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पहुंच विहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री एवं जीवन रक्षक दवाईयों का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में रखने, चिन्हांकित ग्रामों में अतिरिक्त खाद्यान्न का स्टॉक रखने, गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों की साफ-सफाई, निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलियों का बारिश के पहले पूरा करने, पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन कार्य मानसून के पूर्व पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए।

#### बाढ़ नियंत्रण कक्ष में स्थापित

बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि राहत शाखा जिला कार्यालय कांकेर बाढ़ नियंत्रण कक्ष में स्थापित की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर 76479-70445 है। इसी तरह राज्य स्तर पर राहत आयुक्त कार्यालय रायपुर में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 0771-2223471 है। इसके अलावा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया तथा निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411